19

**दिनाक 05.08.2016 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यकारणी समिति की बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थिति**— पंजी के अनुसार।

दिनांक 05.08.2016 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यकारणी समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें निम्नांकित निर्णय लिये गये–

**(1) योजनाओं का चयन**

(i) ग्राम सभा द्वारा पारित योजनाओं की सूची के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि योजनाओं के लिए प्रस्तावित भूमि का व्यौरा उपलब्ध नहीं है इसके अतिरिक्त प्रस्तावित योजनाओं की अनुमानित प्राक्कलित राशि का भी उल्लेख नहीं किया गया है। ग्राम–सभा द्वारा पारित अपूर्ण प्रस्तावों को उपरोक्त विन्दु के आलोक में पुनः सुधार हेतु वापस करने का निर्णय लिया गया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा अनुशंसित प्रस्तावों को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ग्राम पंचायत के मुखिया को ग्राम –सभा की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु वापस करने का निर्णय लिया गया ।

(ii) **पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सं0–1 द्वारा प्रस्तावित योजना –**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 | Multi villages Rural Water Supply Scheme for South Zone of Govindpur and Nirsa Block | 223.3902 Cr. |
| 2 | Multi villages Rural Water Supply Scheme for North Zone of Govindpur and Nirsa Block | 427.447 Cr. |
| 3 | जंगलपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना हेतु खुदिया नदी में वियर का निर्माण कार्य। | 3.52 Cr. |
| 4 | Improvement of Barbendia Rural Water Supply Scheme to Upchuria village | 0.6961 Cr. |
| 5 | Spare parts of V.T pump for Intake well Maithan under Dhanbad water supply scheme phase-1 | 0.58559 Cr. |
| 6 | जामाडोवा में दामोदर नदी में वियर का निर्माण कार्य | 11.00 Cr. |
| | कुलः | 666.63889 Cr. |

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0 –1 द्वारा प्रस्तावित कुल 6 योजनाओं को विचारार्थ स्वीकृति हेतु न्यास परिषद के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

(iii) **पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सं0–2 द्वारा प्रस्तावित योजना–**

| क्र0 | प्रखंड | योजना का नाम | श्रोत | आबादी | अनुमानित प्रा0 राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाघमारा | महुदा बस्ती एवं आसन्न ग्राम की जलापूर्ति योजना पुर्नगठन कार्य | दामोदर नदी | 12976 | 1040.10 |
| 2 | बाघमारा | सिनीडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना | खनन पीट | 7652 | 770.38 |
| 3 | बाघमारा | मुराईडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना | खनन पीट | 7000 | 676.14 |
| 4 | बाघमारा | गलकेरा ग्रामीण जलापूर्ति योजना | खनन पीट | 15051 | 675.70 |
| 5 | बाघमारा | पथल गडिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना का पुनरोद्धार कार्य | दामोदर नदी | 6100 | 522.14 |
| 6 | बाघमारा | धर्माबांध स्थित खनन पीट में दो अदद मोटर पम्प, पैनल बोर्ड इत्यादि लगाकर जलापूर्ति योजना का सुदृढ़ीकरण कार्य | खनन पीट | 6315 | 14.88 |
| 7 | बाघमारा | सदरियाडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना अन्तर्गत जमुनिया नदी में निर्मित इंटकवेल मरम्मति एवं दो अदद मोटर पम्प, पैनल बोर्ड बदलकर, जलापूर्ति योजना का सुदृढ़िकरण कार्य। | जमुनिया नदी | 1532 | 23.72 |
| 8 | बाघमारा | कतरास शहरी जलापूर्ति योजना अन्तर्गत राहुल चौक कतरास से क्लीयर वाटर सम्प कतरास कॉलेज तक 400 एम0एम0 व्यास के राईजिंग एवं वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य। | जमुनिया नदी | 25000 | 77.26 |
| | | | | कुलः | 3800.32 |

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0 –2 द्वारा प्रस्तावित कुल 8 योजनाओं में क्रमांक 1 से 7 तक के योजनाओं का ही ग्राम–सभा से प्रस्ताव पारित होने के कारण कार्यकारिणी समिति में भी क्रमांक 1 से 7 क्रमांक की योजना को न्यास परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय लिया गया।

22/8/16

Scanned by CamScanner

(8

**(2) दो पट्टाधारियों का मनोनयन**

धनबाद जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट की शासी परिषद में जिला के दो प्रमुख पट्टाधारियों को सदस्य के रूप में मनोनित करने का प्रावधान है । धनबाद जिला अन्तर्गत भारत कोकिंग कोल लि० एवं टाटा स्टील लि० दो बड़ी कोयला उत्पादक कम्पनियाँ हैं, इनके मनोनयन हेतु Governing Body के समक्ष स्वीकृति प्रस्ताव रखने का निर्णय लिया गया।

**(3) ट्रस्ट के कार्यो हेतु वाहन**

धनबाद जिला खजिन फाउन्डेशन ट्रस्ट के उपयोग हेतु छोटी व्यवसायिक वाहन की आवश्यकता है । भाडे पर वाहन की सेवा प्राप्त करने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था, परन्तु एकल निविदा होने के कारण इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका पुनः इसकी प्रक्रिया जारी है। निविदा के माध्यम से वाहन उपलब्ध होने तक राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दर पर आवश्यकतानुसार व्यवसायिक वाहन भाड़े पर लेने हेतु कार्यकारिणी समिति से अनुमोदन किया गया, तथा इसे न्यास परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय लिया गया।

**(4) उपस्कारों का कय**

धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने हेतु कर्मियों / पदाधिकारियों के बैठने हेतु टेबुल /कुर्सी /अलमीरा /कम्प्यूटर/प्रिंटर आदि के क्रय का प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति से अनुमोदन किया गया तथा न्यास परिषद में स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय लिया गया।

**(5) मानदेय के आधार पर कर्मियों की सेवा**

धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यो को सूचारू रूप से संचालित करने हेतु एक लेखापाल–सह–चार्टड एकाउन्टेन्ट, दो लेखा सहायक एवं दो लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है । इन कर्मीयों को मानदेय पर नियुक्त करने हेतु कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदि किया गया तथा न्यास परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय लिया गया। ।

इसके अतिरिक्त Ex-PMRDF के 3 कर्मियों को खनन से प्रभावित क्षेत्रों की Mapping/ presentation तैयार करने हेतु उनकी सेवा ली जा रही है। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की अधिसूचना के आलोक में अतिकुशल कर्मियों के लिए 360.00+19.90= 379.90 प्रति दिन मानदेय निर्धारित है , उक्त अधिसूचना के आलोक में सभी 3 कर्मियों को 379.90 प्रति दिन की दर से मानदेय भुगतान करने हेतु कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन किया गया तथा न्यास परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय लिया गया। ।

**(6) Integrated village/ Panchayat development Plan**

ग्रामीण क्षेत्रों में Integrated village/ Panchayat development Plan तैयार करने हेतु External Agency/NGO की सेवा लेने हेतु कार्यकारिणी समिति से अनुमोदन किया गया तथा न्यास परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय लिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| 09/8/16 | 10/08/2016 | 24/8/16 |
| जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद। | उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव,डी0एम0एफ0टी0, धनबाद। | उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0,धनबाद। |

ज्ञापांक– 31 दिनांक– 24/08/2016

प्रतिलिपि– धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यकारिणी समिति के सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

| | | |
|---|---|---|
| 09/8/16 | 10/08/2016 | 24/8/16 |
| जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद। | उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव,डी0एम0एफ0टी0, धनबाद। | उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0,धनबाद। |



Scanned by CamScanner